कुल गीत

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

कृषि है जीवन का आधार-2
पशुपालन, डेयरी और कृषि है रोजगार के मुख्य आधार
कृषि है जीवन का आधार ।।

जोधपुर में कृषि विश्वविद्यालय
शिक्षा का मंदिर,
कृषि, डेयरी और खाद्य की,
अभियांत्रिकी, प्रबंधन
शिक्षा शोध प्रसार से
भूमि पुत्रों का हुआ जीवन आसान-
कृषि है जीवन का आधार ।।

मारवाड़ में मोठ, ईसब, जीरा
सोजत की मेहंदी
मरुधरा में कैर सांगरी
करें बाजरे की खेती
थारपारकर गाय, सिरोही सोजती बकरी से है पहचान
कृषि है जीवन का आधार ।।

कृषि से हर सपना साकार
कृषि से हर दिन त्यौहार
कृषि का हो स्वागत सत्कार
कृषि की करो जय जयकार
उन्नत भारत के सपनों का
विकसित भारत के सपनों का
खेती ही है इक आधार
कृषि है जीवन का आधार ।।